प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना



---

01. विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर विवाद गहराया। पहले चरण की कई सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवार आमने–सामने।

02. दूसरे चरण में एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन का कल अंतिम दिन। ग्यारह नवम्बर को होगा मतदान।

03. पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की जांच की प्रक्रिया पूरी हुई। प्रत्याशी कल तक नाम वापस ले सकेंगे।

04. और, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेगूसराय और समस्तीपुर में चौबीस अक्टूबर को चुनावी जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

---

बिहार विधान सभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर विवाद और गहरा गया है। पहले चरण का नामांकन समाप्त होने के बाद कई सीटों पर कांग्रेस, राजद, वीआईपी और वाम दलों के उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ कुटुंबा निर्वाचन क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी खड़ा करने की घोषणा से तनातनी और बढ़ गई है। कांग्रेस पार्टी ने महागठबंधन के चुनाव संबंधी समन्वय समिति के अध्यक्ष और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से गतिरोध समाप्त करने को कहा है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

कांग्रेस पार्टी के कोटे की रोसरा, राजापाकर और बिहार शरीफ निर्वाचन क्षेत्र में सीपीआई ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। राजगीर से कांग्रेस के उम्मीदवार के खिलाफ की सीपीआई माले अपने प्रत्याशी को टिकट दिया है। इधर बेगूसराय जिले की बछवारा सीट पर सीपीआई के खिलाफ कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं। राष्ट्रीय जनता दल ने वैशाली और लालगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशियों के खिलाफ अपने उम्मीदवारों को खड़ा किया है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेवी 6 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा की है। दूसरी तरफ, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी की ओर से सहरसा और जमालपुर पर नामांकन किया गया है। राष्ट्रीय जनता दल ने महागठबंधन के सातवें साझेदार के रूप में इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को मौका दिया है। वहीं कांग्रेस के भीतर आंतरिक विरोध भी बढ़ गया। टिकट बंटवारे से नाराज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी है। पूर्व विधायक गजानंद शाही और वर्तमान विधायक छत्रपति यादव ने पार्टी नेतृत्व पर टिकट बंटवारे में गड़बड़ी का आरोप लगाया। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

दूसरे चरण में नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अंतिम दिन है। नामांकन पत्रों की जांच इक्कीस अक्टूबर को होगी जबकि तेईस अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। इस चरण के लिए अब तक पांच सौ छप्पन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। रोहतास जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए अट्ठाईस प्रत्याशियों ने अब तक नामांक पत्र दाखिल किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि एनडीए और

महागठबंधन के प्रत्याशियों समेत कई अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने अपने पर्चे दाखिल किए हैं।

---रिपोर्ट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार से नामांकन पर्चा दाखिल किया। भाजपा से ही स्वीटी सिंह ने किशनगंज से, वीणा देवी ने कोचाधामन से, त्रिविक्रम सिंह ने औरंगाबाद से और कविता पासवान ने कोढ़ा से नामांकन पत्र भरा। जदयू से नामांकन करने वालों में कैमूर से मंत्री जमा खां, अमरपुर से जयंत राज, बरारी से विजय सिंह और कहलगांव से शुभानंद मुकेश शामिल हैं। कांग्रेस के अवधेश सिंह ने वजीरगंज से और मुसब्बिर आलम ने बहादुरगंज से नामांकन किया। नवादा के वारिसलिगंज से राजद प्रत्याशी अनीता कुमारी ने नामांकन पत्र भरा। एआईएमआईएम के गुलाम हसनैन ने ठाकुरगंज से, हम के ललन राम ने कुटुंबा से, जनसुराज के रामबली सिंह ने कुर्था से और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के मोहम्मद कलीमुद्दीन ने बहादुरगंज तथा मिथुन यादव ने नाथनगर से पर्चा दाखिल किया। इधर, जदयू के बागी विधायक गोपाल मंडल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गोपालगंज से नामांकन पत्र भरा। समाचार कक्ष से रजनीकांत चौधरी।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की जांच में चार सौ सड़सठ नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। मढ़ौरा से लोजपा, रामविलास की प्रत्याशी सीमा सिंह और कुशेश्वरस्थान से विकासशील इंसान पार्टी के प्रत्याशी गणेश भारती का नामांकन रद्द कर दिया गया है। पहले चरण के लिए अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन पर्चे भरे गए थे। प्रत्याशी कल तक नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए छह नवंबर को मतदान होगा।

---

आर्थिक अपराध इकाई ने विधानसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म की निगरानी बढ़ा दी है। इकाई के अनुसार आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले चालीस सोशल मीडिया हैंडल और अट्ठाईस यूट्यब चैनलों को नोटिस भेजा गया है। इसके साथ ही सतहत्तर सोशल मीडिया प्रोफाईल और डिजिटल प्लेटफार्म से स्पष्टीकरण मांगी गयी है। इकाई बाईस लिंक के चौदह हैंडलर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मचारियों को चुनाव के दौरान निष्पक्षता बरतने का निर्देश दिया है। राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी कुंदन कृष्णन ने बताया कि विधानसभा चुनाव निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के अनुसार पूरा कराना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी और कर्मचारी राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहे। किसी खास राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य नहीं करे। श्री कृष्णन ने बताया कि सभी क्षेत्रीय आईजी और डीआई को निर्देश दिया गया है कि पुलिस कर्मियों के राजनीतिक गतिविधियों में शामिल रहने पर उन्हें तत्काल चुनाव कार्य से निलंबित कर दे।

---

प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक दो हजार दो सौ बावन लाख रूपये मूल्य की शराब और एक हजार छह सौ इक्कीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। निवार्चन आयोग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ सौ बारह लाख रूपये की शराब और बत्तीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इसके साथ ही छह लाख रूपये मूल्य की कीमती धातु और पांच लाख रूपये नकद जब्त किये गये हैं। आयोग के अनुसार चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सात सौ बावन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, पटना जिले में पिछले चौबीस घंटों के दौरान पुलिस और केन्द्रीय सशक्त बल ने विभिन्न मामलों के एक सौ छियासी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

---

अब चुनाव से जुड़ी कुछ खबरें....

वैशाली जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षकों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बैठक की। बैठक में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

---

बेगूसराय जिला के मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के कैलाशपुर मध्य विद्यालय में स्वीप कोषांग ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

---

अररिया जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीविका दीदियों ने केंडल मार्च और रैली के जरिये मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। दीदियां घर–घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहीं हैं।

---

सिवान जिले में सेवा समर्पण संस्थान के मूक–बधिर बच्चों ने दीपोत्सव और रंगोली के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरुक किया।

---

राजद की वरिष्ठ नेता रीतु जायसवाल ने पार्टी लाईन से अलग जाकर सीतामढ़ी के परिहार सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। रीतु जायसवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि पार्टी ने अपना निर्णय नहीं बदला तो मैं स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लडूंगी। गौरतलब है कि परिहार सीट पर राजद ने रीतु जायसवाल

का टिकट काटकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र पूर्वे की बहु स्मिता पूर्वे को टिकट दिया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेगूसराय और समस्तीपुर में चौबीस अक्टूबर को चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

———बाईट———

---

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। नरकटिया गंज से शाश्वत केदार पांडेय और किशनगंज से मोहम्मद कमरूल होदा को प्रत्याशी बनाया है। कस्बा से मोहम्मद इरफान आलम, पूर्णिया से जितेन्द्र यादव और गया शहर विधानसभा क्षेत्र से मोहन श्रीवास्तव पार्टी के उम्मीदवार होंगे। इससे पहले पार्टी ने पहली सूची में अड़तालीस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

---

प्रदेश के मौसम में धीरे–धीरे बदलाव हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले सप्ताह से ठंड में वृद्धि होने की सम्भावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि ला–नीना तूफान के कारण इस वर्ष ठंड का मौसम अधिक दिनों का होगा। वहीं, पटना जिले में ठंड के दौरान धूंलकण से प्रदूषण बढ़ेगा। विशेषज्ञों के अनुसार राजधानी में हवा का एक्यू आई स्थिर है लेकिन दीपावली के बाद इसे बढ़ने की सम्भावना है।

---

रेलवे त्योहारी सीज़न के दौरान बिहार और उत्तर प्रदेश सहित उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों के लिए सत्रह सौ से अधिक विशेष ट्रेनें चला रहा है। इसका उद्देश्य दिवाली और छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है।

---

पटना जिले के बेउर थाना क्षेत्र की पुलिस ने साईंचक इलाके से पैंतालीस लाख रूपये मूल्य के स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसी जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध बालू लदे आठ ट्रैक्टर के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी जिले के हनुमान नगर कॉलोनी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक रोजगार सहायक की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने पांच कट्टा, दस गोली और नौ सौ ग्राम गांजा बरामद किया है।

---

गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र से एक गैस चूल्हा मैकेनिक के घर से पुलिस ने एक करोड़ रूपये बरामद किया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

---

पूर्वी चम्पारण जिले में विधायक का गलत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। विधायक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी दी है कि यह वीडियो गलत है।

---

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन क्रिकेट मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला का पहला मैच आज पर्थ में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम का नेतृत्व शुभमन गिल कर रहे हैं। इधर, महिला क्रिकेट विश्व कप में आज इंदौर में मेजबान भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद तीन बजे से खेला जाएगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– बिहार को एआई हब बनायेंगे।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है – पहले चरण में कांटे का मुकाबला, राजद और जदयू की सबसे अधिक सीटें दावं पर।

प्रभात खबर की विशेष खबर है– कांग्रेस के टिकट वितरण पर फूटा गुस्सा। टिकट नहीं मिलने से नाराज नेताओं ने कहा पार्टी दस सीटें भी नहीं जीतेगी।

दैनिक भास्कर लिखता है– पटना के लोगों ने एक करोड़ से महंगी पच्चीस गाड़ियां खरीदी। एक हजार किलो चांदी और दो सौ पचास किलो सोने के गहने बिके।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत अन्य अखबारों ने महागठबंधन में चल रही टिकट बंटवारे की खबर को प्रमुखता दी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर विवाद गहराया। पहले चरण की कई सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवार आमने–सामने।

02. दूसरे चरण में एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए नामांकन का कल अंतिम दिन। ग्यारह नवम्बर को होगा मतदान।

03. पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की जांच की प्रक्रिया पूरी हुई। प्रत्याशी कल तक नाम वापस ले सकेंगे।

04. और, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेगूसराय और समस्तीपुर में चौबीस अक्टूबर को चुनावी जनसभाओं को करेंगे संबोधित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।